हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार, 10 जुलाई 2024

12 अस्पताल में महिला की मौत परिजनों ने सड़क की जाम



12 39 शिकायतों में से 29 का मौके पर समाधान




SELECTIONS - 2024

NEET 73 | JEE Advanced 43 | CLAT 39 | CA Foundation 15

Affiliated to CBSE
YADUVANSHI GROUP OF SCHOOLS

लगातार शानदार परिणाम देने वाले रेपुटिड स्कूल में फ्री पढ़ने का सुनहरी मौका

SUPERB 100
IIT/NEET/CA/CLAT
Free Hostel and tuition fee classes 9th to 12th

I CAN DO

टेस्ट में अपार भागादीरी के लिए सभी बच्चों व अभिभावकों का धन्यवाद! 5606 बच्चों ने यह टेस्ट दिया। बहुत से बच्चों को फ्री पढ़ाने का ऑफर था परन्तु टेस्ट में सफलता निर्धारित से कम बच्चों ने पाई। यदुवंशी स्कूल आगे भी सभी बच्चों को इस तरह का अवसर देता रहेगा। कक्षावार निम्न बच्चों ने क्वालीफाई किया है जिनको मुफ्त शिक्षा व हॉस्टल सुविधा दी जाएगी:-

"I CAN DO TEST" RESULT (Held on 07 JULY, 2024)

| Class | Name | Father's Name | Address | Previous School |
|---|---|---|---|---|
| 9th | Ishika | Anil | Sain Chowk | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Narnaul |
| 9th | Anvi | Prashant | Jakhrana | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Narnaul |
| 9th | Nancy | Devender | Rasuli | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Rewari |
| 9th | Avi | Sushil | Bashipur | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Narnaul |
| 9th | Saksham | Randheer | Neepur | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Narnaul |
| 9th | Sandhya | Bharat Singh | Khera | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Mahendergarh |
| 9th | Khushwinder | Amit | Narnaul | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Narnaul |
| 9th | Riya Bhardwaj | Roshanlal | Bapora | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Dhanimahu |
| 9th | Janvi | Dodram | Narnaul | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Narnaul |
| 9th | Priyanshi | Jitender | Asadpur | Rishi Public School, Rewari |
| 12th | Himanshu | Ramesh Kumar | Patikara | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Narnaul |
| 12th | Prachi | Ved Parkash | Uttam Nagar | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Rewari |

यदुवंशी शिक्षा निकेतन आप सभी के स्वर्णिम भविष्य की कामना करता है।

OUR CAMPUSES

Mahendergarh: 9466341799 | Narnaul: 9468061387 | Thanwas: 9050784050 | Dhani Mahu: 9050007943 | Jind: 9053905361 | Gurugram Sec.92 : 9053905384 | Gurugram Sec.33: 9053905381
Kosli : 9053002458 | Satnali: 9812330666 | Rewari: 8901167461 | Hansi : 9053905366 | Sohali (Rajasthan): 9991217659 | Kanina: 9053048100 | Mandola: 7027134134 |

YADUVANSHI GROUP OF COLLEGES
यदुवंशी कॉलेज
29 Years of Excellence

हर बार यदुवंशी सबसे आगे

तोड़े सारे रिकॉर्ड
इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर में सर्वाधिक अंक पाने वाली
98.60 %
शिवानी पुत्री श्री निरंजन सिंह

भारती पुत्री श्री शिव कुमार
98.40%

यूनिवर्सिटी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी

1st Position in University:
SHIVANI B.Sc. (H) Physics; ANKITA B.Sc. (H) Zoology; SUPRIYA B.Sc. (H) Zoology; ASHA B.A.; LOKESH B.P.Ed.; EKTA B.Sc. (H) Math; KALPANA M.Sc. Physics; DIKSHIKA B.Sc. (H) Chemistry; PREETI B.Sc. (H) Math; SUDHA B.Com. (H); DEEPIKA M.Sc. Geography; KALPANA M.Sc. Chemistry; DEEPIKA M.A. Pol. Sci.; PHOGAT UJJWAL M.A. English

79 Students Above 90% | 149 Students Above 85% | 241 Students Above 80% | 351 Students Above 75% | 473 Students Above 70%

ADMISSION OPEN 2024-25

Course Offered

- B.Sc. (Hons): Physics, Chemistry, Mathematics, Botany, Zoology
- B.Sc.: Medical, Non-Medical, Comp. Science, Yoga
- B.A., B.A. (Hons) English, BBA, BCA
- M.Sc.: Physics, Chemistry, Mathematics, Zoology, Botany, Comp. Science, Geography
- M.A.: English, Hindi, History, Pol. Sci., Sanskrit, Economics
- M.Com., B.Com., B.Com (Hons)
- B.Sc.-B.Ed., B.A.-B.Ed. Four Years Integrated
- M.Ed., B.Ed., D.El.Ed., B.P.Ed., D.P.Ed.

Coaching for Competitive Exam: IIT-JAM GAT-B NET/JRF SSC

B.Tech CSE, ECE, ME, CE, EE
M.Tech Polytech. ITI

विभिन्न कोर्सों में यूनिवर्सिटी की टॉप-10 मैरिट लिस्ट में यदुवंशी सबसे आगे.....

University की मैरिट लिस्ट के टॉप-10 में स्थान पाने वाले विद्यार्थी

| 1st Position | 2nd Position | 3rd Position | 4th Position | 5th Position | 6th Position | 7th Position | 8th Position | 9th Position | 10th Position | मैरिट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | 13 | 12 | 12 | 11 | 15 | 12 | 9 | 12 | 12 | 123 सबसे अधिक |

राव बहादुर सिंह
चेयरमैन, यदुवंशी ग्रुप एवं पूर्व विधायक

AC Hostel Facility for Boys & Girls NSS Unit Available Up to 50 Kms.

YADUVANSHI DEGREE COLLEGE Rewari Road, Narnaul 8607052323 | 8607052424
YADUVANSHI DEGREE COLLEGE Mahendergarh 8607062323 | 8607062424
RBS DEGREE COLLEGE Thanwas, N. Chaudhary 8607052424
TECHNICAL COLLEGES Narnaul - 8607052323 Sohali - 9728396599
EDUCATION COLLEGES Narnaul - 8222852523 Sohali - 9991904068 Dhani Mahu - 8949371674 M.Garh - 7056720275 Ch. Dadri - 7027135135

## खबर संक्षेप

### श्रीराम दूत मित्र मंडल ने लगाया भंडारा

**सिरसा।** श्रीराम दूत मित्र मंडल सिरसा के तत्वावधान में मेहंदीपुर में भंडारे का आयोजन किया गया। मंडल के संरक्षक सुमन मित्तल ने बताया कि संस्था के कोषाध्यक्ष सुभाष बंसल की अध्यक्षता में आयोजित भंडारे में सैंकड़ों की संख्या में भक्तों को पूरी, सब्जी, लड्डू व रायते का वितरण किया गया।

### एसडीएम ने बचाव प्रबंधों का निरीक्षण किया

**सिरसा।** उपमंडल अधिकारी (ना.) राजेंद्र कुमार ने मंगलवार को संभावित फ्लड को लेकर रेलवे स्टेशन के पास सिंचाई विभाग के बीडब्ल्यूएस मैकेनिकल कार्यालय में स्टोर का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से डीपी सेट, इलेक्टिकल पंप सेट, वीटी सेट आदि मशीनों की स्थिति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### खाद्य एवं पोषण सुरक्षा स्कीम के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी

**सिरसा।** खाद्य एवं पोषण सुरक्षा (दलहन) स्कीम के अंतर्गत जिला सिरसा में मूंग के प्रदर्शन प्लांट, मूंग बीज वितरण, पौध संरक्षण रसायन, जैविक खाद, जिप्सम, सूक्ष्म तत्व, खरपतवार नाषी, हस्त चालित/बैटरी चालित स्प्रे पंप के वितरण पर किसानों को हरियाणा सरकार द्वारा अनुदान दिया जाना है।

### यातायात पुलिस ने 146 वाहनों के काटे चालान

**सिरसा।** यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला के यातायात थाना प्रभारी व उनकी टीम ने विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी कर 146 वाहनों के चालान काटे। इसके अलावा अन्य प्रकार की यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों को भी हिदायत दी गई।

### जनसंख्या दिवस पर आयोजित होंगे कार्यक्रम

**फतेहाबाद।** एक्शन प्लान 2024 के तहत विश्व जनसंख्या दिवस पर 11 जुलाई को कुपोषण विषय को लेकर जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा जिला में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जागरूकता कार्यक्रमों के लिए प्राधिकरण की ओर से पैनल अधिवक्ताओं व पैरा लीगल वॉलिंटियर की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

## 22 को एससी दफ्तर घेराव की दी चेतावनी

# किसान सभा रतिया ने एसडीओ को सौंपा बिजली मंत्री के नाम ज्ञापन

**प्रदेश में नागरिकों को हर माह 300 युनिट बिजली मुफ्त देने की मांग की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

अखिल भारतीय किसान सभा का प्रतिनिधिमंडल आज जिला सचिव मास्टर राजेंद्र बाटू व तहसील प्रधान जगदीश फुलां के नेतृत्व में बिजली निगम संबंधी जनसमस्यायों के समाधान के लिए के लिए एसडीओ बिजली निगम ग्रामीण से मिला और उन्हें बिजली मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि आज बिजली इतनी महंगी कर दी गई है कि यह आम नागरिक की पहुंच से दूर हो गई है। हजारों रुपए के भारी भरकम बिल जिन पर फ्यूल चार्ज, पंचायत टैक्स, म्युनिसप्ल टैक्स आदि अनेक टैक्स लगा रखे है, भरते-भरते लोगों के सांस फूल रहे हैं। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने मांग की कि प्रदेश में नागरिकों को हर माह 300 युनिट बिजली मुफ्त दी जाए।



रतिया। एसडीओ को बिजली मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपता किसान सभा का प्रतिनिधिमंडल।

### बिजली के रेट आधे किए जाएं

बिजली का रेट आधा किया जाए। बिल में लगाए गए अनाप शनाप चार्जिज तुरंत हटाए जाएं। किसानों के लंबित ट्यूबबैल बिजली कंनैक्शन जिनके पैसे भरे 2-2 साल बीत चुके हैं तुरंत दिए जाएं। कनैक्शन के लिए फव्वारा लगाने की शर्त हटाई जाए। इतने लंबे समय तक कनैक्शन लटकाए रखने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त विभागीय कार्यवाई की जाए। प्रतिधिमंडल नें चेतावनी दी कि अगर उनकी मांग नहीं पूरी की तो 22 जुलाई को एससी फतेहाबाद कार्यालय का घेराव किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में किसान सभा जिला उपप्रधान जगतार सिंह, अमरजीत सिंह औलख अहरवां आदि शामिल रहे।

## रिटायर्ड कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर 12 जुलाई को करेंगे धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली

- मांगें पूरी नहीं किए जाने के कारण कर्मचारियों में बढ़ रहा रोष

रिटायर्ड कर्मचारी संघ द्वारा 12 जुलाई को जिला मुख्यालय पर अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। डबवाली से भी काफी संख्या में रिटायर्ड कर्मचारी ब्लॉक प्रधान सुखवंत सिंह चीमा के नेतृत्व में सिरसा जाकर धरने में शामिल होंगे व रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों को जोर शोर से उठाया जाएगा। प्रधान सुखवंत सिंह चीमा ने बताया कि रिटायर्ड कर्मचारियों की अनेक मांगें वषोंर् से लंबित हैं जिन्हें सरकार द्वारा पूरा नहीं किया जा रहा। इस कारण रिटायर्ड कर्मचारियों में सरकार के खिलाफ रोष ब?ता जा रहा है। उन्होंने मांगों बाबत विस्तार से बताया कि सरकार केंद्र शासित प्रदेश चंडीग? की तरह 65, 70, 75 वर्ष की आयु पार करने पर क्रमशः पेंशन में 10, 15, 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी लागू करे ताकि रिटायर्ड कर्मचारी अच्छा जीवन गुजार सकें। पेंशन की आय को टैक्स मुक्त किया जाए। आज के जमाने में मेडिकल सुविधा भी बहुत महंगी हो गई है इसलिए मेडिकल भत्ता 3000 रुपए किया जाए। सभी बीमारियों के लिए पूर्णतऱ् कैशलेस मैडिकल सुविधा प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि रिटायर्ड कर्मचारियों को रेलगाड़ियों व हवाई सफर के किराए में 50 प्रतिशत छूट मिलती थी जोकि बंद कर दी गई, उसे दोबारा बहाल किया जाए। कम्पुटेशन की कटौती 15 वर्ष से घटाकर 10 वर्ष की जाए। फैमिली पेंशन को एलटीसी की सुविधा दी जाए। इसके अलावा रिटायर्ड

# दिव्यांग बच्चे परमात्मा की अनमोल रचना: सत्यदेवानंद



सिरसा। ब्रह्मकुमारीज सेवा केंद्र में मानसिक तथा बौद्धिक विकास कार्यक्रम में भाग अतिथि। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

- बौद्धिक विकास के लिए चलाए गए अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित
- विजेता बच्चों को पुरस्कार दिया

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के दिव्यांग सेवा प्रभाग द्वारा विशेष बच्चों के मानसिक तथा बौद्धिक विकास के लिए चलाए गए अभियान के तहत सिरसा में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। हिसार रोड स्थित ब्रह्मकुमारीज सेवा केंद्र आनंद सरोवर में दिशा संस्थान, प्रयास तथा आरकेजे वैल्फेयर सेंटर फॉर परसन विद स्पीच एंड हीयरिंग इंपेअर के बच्चों तथा टीचर्स नें विशेष तौर पर भाग लिया। यह अभियान संस्था के दिव्यांग सेवा विभाग के प्रमुख बी.के सूर्यमनी के निर्देशन में सिरसा पंहुचा और यहां इन विशेष बच्चों के लिए कार्यशालाओं, गेम्स तथा अन्य कई प्रकार की क्रियाकलापों का आयोजन किया गया और विजेता बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। बी.के सूर्यमनी ने बताया कि समाज में दिव्यांगों के प्रति समानता लाई जा सके और इनके संपूर्ण विकास के लिए और इनके भीतर छिपी अद्भुत प्रतिभाओं को उजागर करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में इन विशेष बच्चों को आशीर्वाद देने वृंदावन से गौवत्स आचार्य सत्यदेवानंद महाराज भी बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यह बच्चे इस धरा पर परमात्मा की अनमोल रचना हैं, इनके प्रति सम्मान की दृष्टि रखते हुए इनको हर अधिकार प्राप्त कराएं और जीवन में उच्च मुकाम हासिल करने के लिए इन्हें सहयोग करें। उन्होंने ब्रह्माकुमारी संस्थान का इस आयोजन के लिए आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन निश्चित ही इन बच्चों के लिए लाभप्रद सिद्ध होंगे। कार्यक्रम में मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी कमलेश चाहर भी बतौर मुख्यातिथि शामिल हुई उन्होंने कहा कि यह बच्चे हर प्रकार से समर्थ हैं और हर कार्य करने की क्षमता रखते है। ब्रह्माकुमारी आनंद सरोवर की प्रभारी राजयोगिनी बिंदू ने भी ऐसे बच्चों के प्रति सकारात्मक व्याख्यान दिया। कार्यक्रम के दौरान गीता कथूरिया, बिमला पात्तड़, विकलांग संघ के राज्य प्रधान बंसीलाल ने भी बच्चों के प्रति अपनी श्रेष्ठ भावनाएं व्यक्त की।

# सीवरेज व्यवस्था से आमजन परेशान

- पब्लिक हेल्थ विभाग को शिकायतें देने पर भी ठोस कार्रवाई नहीं हुई
- अधिकारियों की अनदेखी से मानसिक व शारीरिक परेशानी हो रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

सी ब्लॉक, आनंदपुर कुटिया के निकट की सीवरेज व्यवस्था लंबे समय से चरमराई हुई है, जिससे स्थानीय निवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सी ब्लॉक के निवासी इस गंभीर समस्या से त्रस्त हैं और इस बारे में कई बार पब्लिक हेल्थ विभाग को शिकायतें दी गई हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। कॉलोनीवासी नवीन नंदा, सोनू सेतिया, विनित, मोहनलाल आदि ने बताया कि यहां सीवरेज प्रणाली के लगातार जाम होने से नालियों में पानी भर जाता है और गंदगी सड़कों पर फैल जाती है। इससे स्थानीय निवासियों को न केवल असुविधा होती है बल्कि उनके स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। गंदगी और बदबू के कारण यहां रहना दूभर हो गया है और मच्छरों के पनपने से डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। सीवरेज जाम के कारण कई घरों में पानी की निकासी भी बाधित हो रही है, जिससे बाथरूम और किचन जैसी जगहों पर भी गंदा पानी भर रहा है। उन्होंने बताया कि उन्होंने इस संबंध में कई बार पब्लिक हेल्थ विभाग को शिकायतें दी हैं लेकिन हर बार आश्वासन के सिवाए कुछ नहीं मिला। निवासियों का कहना है कि अधिकारियों की इस अनदेखी के कारण उन्हें भारी मानसिक और शारीरिक परेशानी हो रही है।



सिरसा। सीवर जाम के चलते गली में बहता दूषित पानी।

### सीएससी संचालक से की मारपीट, छीनी नकदी

**सिरसा।** शहर के रानियां रोड पर स्थित एक कंप्यूटर व सीएससी संचालक पर हमला कर कुछ युवक नकदी व मोबाइल छीन ले गए। पुलिस को दी शिकायत में गांव मोडियाखेड़ा निवासी विकास कुमार ने बताया कि वह रानियां रोड पर सीएससी सेंटर चलाता है। इसी दौरान कुछ लड़के कृष्णा मांडे, आकाश कुमार, विक्रम कुमार निवासी माधोसिंघाना व चार-पांच अन्य युवक, जिन्होंने कपड़े से मुंह ढांप रखा था, ने आते ही उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। जब बीच बचाव के लिए उसका दोस्त आया तो उसके साथ भी मारपीट की। इस दौरान लेडीज स्टूडेंट पलक रानी निवासी मोडियाखेड़ा और वंदना निवासी वाल्मीकि चौक सिरसा के साथ भी मारपीट की और उनके फोन छीन लिए। वह बैंक के लेनदेन का भी काम करता है। उसके पास करीब 60 हजार रुपए की नकदी थी, जोकि आरोपी छीनकर ले गए और जाते समय जान से मारने की धमकी भी दे गए।

# विद्यार्थी लेंगे साइंस ड्रामा में भाग

- 06 अगस्त को ड्रामा प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में करवाने का निर्णय लिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

हरियाणा में राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम द्वारा खंड एवं जिला स्तर पर साइंस ड्रामा प्रतियोगिता करवाने के लिए प्रदेश के सभी जिला शिक्षाधिकारियों को पत्र जारी किया गया है। इस कड़ी में जिला शिक्षाधिकारी सिरसा द्वारा सिरसा जिला के समस्त खंड शिक्षाधिकारियों को 26 जुलाई 2024 तक खंड स्तर पर प्रतियोगिता करवाने के लिए पत्र जारी किया गया है। साथ ही 06 अगस्त 2024 को जिला स्तरीय ड्रामा प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यलय खैरपुर में करवाने का निर्णय लिया गया है। प्रोग्राम के नोडल अधिकारी एवं जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. मुकेश कुमार ने बताया कि इस वर्ष साइंस ड्रामा प्रतियोगिता का मुख्य विषय है, मानव जाति के कल्याण के लिए विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी और उपविषय हैं-वैश्विक जल संकट, एआई और समाज, आपदा प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीकें, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता और जलवायु परिवर्तन और इसका प्रभाव।

### प्रतियोगिता के लिए होंगे ये नियम

प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 10वीं तक पढ़ने वाले विद्यार्थी ही भाग ले सकते हैं। ड्रामा वैज्ञानिक संदेश पर आधारित होना चाहिए। टीम में एक निदेशक और एक स्क्रप्टि राइटर होना चाहिए और आसान गतिशीलता के लिए एक टीम में पुरुष और महिला सहित 8 से अधिक पात्र नहीं होने चाहिएं। ड्रामा की अवधि 30 मिनट से अधिक नहीं होनी चाहिए। ड्रामा टीम को 5 मिनट के भीतर मंच पर प्रॉप्स और अन्य आवश्यक आवश्यकताओं को स्थापित करने में सक्षम होना चाहिए और प्रदर्शन के बाद हटा देना चाहिए। ड्रामा किसी भी आधिकारिक भारतीय भाषा में हो सकता है। ड्रामा की रोचकता और विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए ड्रामा में वेशभूषाएं नृत्य, संगीत, सोंग और मॉडल भी हो सकते हैं। ड्रामा में लिखित पोस्टर/बैनर/एवी चित्रण के लिए सहयता/पृष्ठभूमि का उपयोग किया जा सकता है। सभी प्रवृष्टियां मूल होनी चाहिएं। स्क्रप्टि किसी भी रूप में कहीं और प्रकाशित नहीं होनी चाहिए। प्रविष्टि पहले किसी प्रतियोगिता में ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से जमा नहीं की गई होनी चाहिए।

# कराटे चैंपियनशिप में सतलुज पब्लिक स्कूल बना ओवरऑल विजेता



**सिरसा।** हरियाणा स्पोर्ट्स करांटे और हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन द्वारा स्वीकृति प्राप्त कराटे डू स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा रानियां रोड स्थित कुम्हार धर्मशाला में आयोजित 14वीं जिला स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में सतलुज पब्लिक स्कूल भावदीन के होनहारों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल ट्रॉफी अपने नाम की। स्कूल प्रिंसिपल सोनिया कंबोज ने बताया कि प्रतियोगिता में स्कूल के 31 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। इसमें से स्कूल के 12 विद्यार्थियों ने स्वर्ण, 11 रजत और 4 कांस्य पदक पर कब्जा करते हुए ओवरऑल ट्रॉफी स्कूल के नाम की। स्कूल की निदेशक डॉ. पूमन मोंगा, चेयरमैन अनूप गर्ग व सचिव नवनीत ने स्कूल की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यार्थियों व कोच को बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर स्कूल प्रिंसिपल सोनिया कंबोज ने कहा कि सतलुज पब्लिक स्कूल भावदीन में आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी विद्यार्थियों को पारंगत बनाया जा रहा है। अनेक खेल गतिविधियां रोजाना करवाई जाती हैं ताकि विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ अपने आप को स्वस्थ व तरोताजा रखते हुए खेलों में भी अपना भविष्य स्वर्णिम बना सकें।

# नप कर्मियों की मांगों पर गंभीर नहीं सरकार

- 12 जुलाई को प्रदर्शन कर जलाएंगे सरकारी आदेशों की प्रतियां : अटवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

सरकार नगरपालिका कर्मचारियों की मांगों को लेकर जरा भी गंभीर नहीं है। मुख्यमंत्री द्वारा कर्मचारियों के प्रति दर्शाया गया रवैया निंदाजनक है और सरकार के इस रवैये से कर्मचारियों में जबरदस्त रोष है। उक्त बातें नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान मनोज अटवाल ने मंगलवार को पत्रकारों से बात करते हुए कही। उन्होंने बताया कि बीती 6 जून को रोहतक में हुई बैठक में पिछले आंदोलन की समीक्षा करते हुए बताया गया कि 13 व 14 जून को निगम आयुक्त व डीएमसी के माध्यम से निकाय मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें प्रदेश की 93 नगरपालिकाओं, परिषद निगमों में से केवल 53 पालिकाओं के कर्मचारियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि 20 जून को सभी उपायुक्त कार्यालयों पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिए गए। इस कार्यक्रम में भी लगभग 55 पालिकाओं ने भाग लिया और 38 पालिका इसमें भी नदारद रही तथा 23 जून को शहरी स्थान निकाय मंत्री के कुरुक्षेत्र आवास पर मास डेपुटेशन में भी केवल 33 पालिकाओं के कार्यकताओं ने भाग लिया 60 पालिका शामिल नहीं हुई। उन्होंने बताया कि वे लगातार सरकार के खिलाफ कर्मचारियों की मांगों को लेकर आंदोलन पर हैं, लेकिन हमारे आंदोलन में पालिकाओं की कम भागीदारी एक चिंता का विषय है, जो संघ के हित में नहीं है। उन्होंने बताया कि 12 जुलाई को कर्मचारी शहीद भगत सिंह स्टेडियम में एकत्रित होंगे और वहां से जुलूस की शक्ल में डीएमसी ऑफिस पहुंचेंगे और सरकार के 311 एप के आदेशों की प्रतियां जलाएंगे। इस मौके पर उपप्रधान सोमपाल पेहवाल, सिरसा इकाई केप्रधान नरेश चौहान, जिला सचिव रवि घारू, रानियां से कोषाध्यक्ष सुखविंद्र सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।




सिरसा। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान मनोज अटवाल पत्रकारों से बात करते हुए।

# नेशनल हाईवे पर गड्ढे से रोजाना हो रहे हादसे



सिरसा। ओढां के निकट नेशनल हाइवे पर बने गड्ढे में धंसे वाहन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ओढां

- राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 9 पर तीन दिनों से हो रही दुर्घटनाएं
- वाहन चालकों को उठानी पड़ रही है परेशानी

राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 9 पर पिछले तीन दिनों से लगातार हादसे हो रहे हैं। इन हादसों का कारण मुख्य सड़क के बीचो-बीच बना हुआ दो फुट गहरा गड्ढा है। पिछले दिनों गांववासियों के लगातार विरोध प्रदर्शन और जिला उपयुक्त को ज्ञापन देने के बाद नैशनल हाईवे के कर्मचारियों ने गंदे पानी की निकासी हेतु नाले की सफाई शुरू करवाई। उस समय सड़क पर पानी ही पानी खड़ा था और भारतीय स्टेट बैंक के सामने इस पानी के कारण सड़क के बीचो-बीच एक गहरा गड्ढा बन गया। सड़क पर बने गड्ढे की वजह से बीते रविवार को अल सुबह एक आदमी अपने परिवार के साथ कार में सवार होकर जा रहा था तो इस गड्ढे में गाड़ी जोर से लगने पर उसका टायर फट गया। कार के अंदर बैठे सभी लोग चोटिल हो गए और कार का काफी नुकसान हुआ। सोमवार को सुबह एक ट्रक का टायर इसी गड्ढे में फस गया। काफी जद्दोजहद के बाद ट्रक चालक अन्य वाहनों की सहायता से अपने ट्रक को निकाल कर चला गया। आज मंगलवार को सुबह 11 बजे एक तूडे से भरी ट्रैक्टर ट्राली इस गड्ढे में फंसकर सड़क के बीचो-बीच अटक कर खड़ी हो गई। जिससे काफी समय तक यातायात बाधित हो गया। साथ ही ट्रैक्टर ट्राली मलिक को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ा करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद लोडर गाड़ियां मंगवाकर ट्राली को इस गड्ढे से निकाला गया।

गौरतलब है कि गत 18 जून को गांववासियों ने सड़क पर खड़े गंदे पानी के निकासी नाले की सफाई के लिए इकट्ठे हुए सड़क प्राधिकरण को टोल प्लाजा बंद करवाने की चेतावनी देने के बाद सफाई शुरू करवाई, लेकिन तीन दिनों तक काम करने के बाद सफाई कर्मी अपना काम अधर में छोड़कर चले गए। उधर सड़क के बीचो-बीच बने गड्ढे के बारे में सड़क प्राधिकरण के एसडीओ सलमान से बात किए जाने पर उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

### व्यापारी हित में भी सोचे सरकार: सिंगला

**सिरसा।** हरियाणा व्यापार मंडल के प्रदेश संगठन मंत्री रत्न सिंगला ने कहा कि प्रदेश का व्यापारी भाजपा सरकार का सहयोग कर रहा है मगर सरकार को भी व्यापारियों के हितों के बारे में सोचना चाहिए। रत्न सिंगला ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि जीएसटी लगने के उपरांत पूरे देश में एक कर एक व्यवस्था की योजना को लागू किया गया, लेकिन हरियाणा में आज भी मार्केट फीस ज्यों की त्यों बनी हुई है। यदि सरकार विधानसभा चुनाव में पुनः स्थापित करना चाहती है तो सबसे पहले हरियाणा के व्यापारियों, मंडी में बैठे आढ़तियों के मन को जीतने का प्रयास करना होगा और उनकी हर समस्या का निदान करें। यह तभी संभव होगा जब हरियाणा सरकार द्वारा बनाए गए व्यापारी कल्याण बोर्ड जो आज एक सफेद हाथी के रूप में है, उसकी कार्यशैली ठीक की जाए।

## बढ़ती वारदातों से परेशान, पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

# 15 जुलाई को चौटाला चौकी का घेराव करेंगे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली

चिट्टा, ड्रग्स और मेडिकल नशे पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने व लगातार बढ़ रही चोरी, लूट, डकैती जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर 20 गांवों के लोगों द्वारा 15 जुलाई सोमवार को चौटाला चौकी का घेराव किया जाएगा। इसके लिए अब जनसंपर्क किया जा रहा है। गौरतलब है कि पुलिस प्रशासन से खफा इलाके के लोगों ने यह निर्णय गांव चौटाला के पंचायत घर में सोमवार देर शाम को हुई बैठक में लिया। इस संबंध में किसान नेता राकेश फगोड़िया, कामरेड नत्थूराम भारूखेडा, अश्वनी सहारण, दयाराम उलाणिया, आनंद पूनिया, संजय मिढा व अन्य ने बताया कि गत 2 जुलाई को चौटाला गांव के पंचायत घर में ग्रामीणों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई थी। उस बैठक के बाद चौकी इंचार्ज के मार्फत पुलिस अधीक्षक डबवाली दीप्ति गर्ग के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया था। ज्ञापन में ग्रामीणों ने दो टूक चेतावनी देते हुए कहा था कि अगर 8 जुलाई, सोमवार तक कोई कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो चौकी में अनिश्चितकालीन पड़ाव डालेंगे। लेकिन इसके बावजूद पुलिस ने कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की। चौटाला गांव में पुलिस ने छापामारी की लेकिन चिट्टा, ड्रग्स जैसा जहर बरामद करने में पुलिस को सफलता नहीं मिली। इससे लगता है कि सैकड़ो नौजवानों की मौत के बाद आज भी शासन प्रशासन नशे के खात्मे के लिए गंभीर नहीं है। उन्होंने बताया कि बैठक में ग्रामीणों ने फैसला लिया है कि चिट्टा, ड्रग्स और मेडिकल नशे जैसे जहर के खिलाफ अब आर पार का संघर्ष ही विकल्प है। ये लड़ाई सिर्फ चौटाला गांव की नहीं बल्कि आसपास के सभी गावों के लोगों को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। हर वर्ग के लोगों को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। निर्णय लिया गया कि 15 जुलाई को पूर्ण तैयारियों के बाद मजबूती से चौटाला चौकी का घेराव होगा। इस घेराव में करीब 20 गांवों के लोग शामिल होंगे। इसके लिए आसपास के गांवों में बुधवार से प्रचार प्रसार शुरू हो जाएगा और किसानों, मजदूरों सहित सभी वर्गों के लोगों को साथ लिया जाएगा।



सिरसा। फैसले की जानकारी देते संगठनों के प्रतिनिधि।

## खबर संक्षेप

### ट्रक से चूरापोस्त बरामद कर दो गिरफ्तार किए

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए फतेहाबाद पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक से चूरापोस्त बरामद कर दो युवकों को गिरफ्तार किया है। सीआईए स्टाफ फतेहाबाद पुलिस की टीम एएसआई प्रवीन कुमार के नेतृत्व में नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने को लेकर गश्त के दौरान गांव बड़ोपल में मौजूद थी।

### कर्मचारी मांगें न मानने पर गाड़ेंगे तंबू : ठाकुर

**सिरसा।** अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित भारतीय मजदूर संघ द्वारा एक मीटिंग का आयोजन सब डिवीजन कालांवाली के हनुमान मंदिर प्रांगण में किया गया। भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जीवन सिंह ठाकुर ने बताया कि अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ ने सरकार के तानाशाह रवैये के खिलाफ विरोध का बिगुल बजा दिया है।

### रामपुरा बिश्नोईयां में ठेके को लेकर विवाद

**डबवाली।** उपमंडल के गांव रामपुरा बिश्नोईयां में शराब के ठेके को लेकर विवाद पैदा हो गया। कुछ लोग चाहते हैं कि गांव में ठेका नहीं खोला जाए। यदि खोला जाए तो वर्तमान जगह से हटाया जाए। जबकि गांव के ही बड़ी संख्या में लोग इस ठेके को लेकर संतुष्ट हैं और उनका कहना है कि ठेके से किसी को कोई एतराज नहीं है। इन सब के बीच ठेके का विरोध कर रहे लोगों ने सिरसा-संगरिया मार्ग पर धरना लगा दिया।

### गोद लिए शहीद उधम सिंह पार्क में पौधे लगाए

**फतेहाबाद।** नवकल्याण संस्था के सदस्यों ने गोद लिये हुए फतेहाबाद के शहीद उधम सिंह पार्क में पौधा रोपण अभियान चलाया। प्रधान बंटी कम्बोज, सुदर्शन नरुला, जीत गौतम, महेन्द्र कम्बोज, समीर, राजकुमार सचदेवा, राजू अरोड़ा सहित कई दुकानदारों ने इस अभियान में अपना योगदान दिया तथा पार्क में दोपहर के समय श्रमदान करते हुए 50 से अधिक पौधे लगाए।

### लायंस क्लब ने लगाया प्रदूषण जांच शिविर

**रतिया।** लायंस क्लब रतिया सिटी द्वारा फर्स्ट लेडी गवर्नर सुधा कामरा के नेतृत्व में प्रथम सेवा सप्ताह 'सेव द नेचर' के अंतर्गत निःशुल्क प्रदूषण जांच कैंप का आयोजन किया गया। क्लब के सचिव गोपाल चंद कुलरियां ने बताया कि क्लब समाज सेवा के कायार्ें में सदा अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

### डबवाली में वृद्ध की हत्या में तीन आरोपी काबू

**डबवाली।** थाना शहर डबवाली में दर्ज हत्या के मामले में थाना डबवाली पुलिस ने तीन आरोपियों को काबू किया है। पकड़े गये आरोपियों की पहचान जगमीत सिंह उर्फ लब्बी पुत्र जसविन्द्र सिंह, हस्नप्रीत सिंह उर्फ गोरा पुत्र रेशम सिंह निवासी अलीकां व हरकिशन उर्फ हरी पुत्र रामकुमार निवासी वार्ड न.17 प्रेम नगर डबवाली के रूप में हुई है। सब इंस्पेक्टर चान्द सिंह ने बताया कि 4 जुलाई को दर्शन सिंह निवासी अलीकां की कुछ लोगों ने तेजधार हथियारों से हत्या कर दी थी।

---

### प्रदेश सरकार ने जारी किए हैं 262 मार्गों पर 3658 प्राइवेट बस रूट परमिट

# प्राइवेट बस परमिट देने के फैसले के खिलाफ सड़कों पर उतरे रोडवेज कर्मी

### 14 जुलाई को परिवहन मंत्री के अम्बाला शहर में आवास का घेराव करने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** प्राइवेट बस परमिट देने के फैसले के खिलाफ प्रदर्शन करते रोडवेज कर्मचारी।



**सिरसा।** मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए रोडवेज कर्मचारी।

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के आह्वान पर सरकार द्वारा 262 मार्गों पर 3658 प्राइवेट रुट परमिट देने के विरोध में आज यहां सभी रोडवेज संगठनों के कर्मचारियों ने सड़कों पर उतरकर सरकार के तुगलकी फैसले का विरोध किया। डिपो प्रधान शिवकुमार श्योराण, संदीप जांडली, विजय नागपुर, हर्ष डारा, सतेंद्र की अध्यक्षता में किए गए विरोध प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने निजीकरण के खिलाफ व मानी गई मांगों को लागू नहीं करने पर जमकर नारेबाजी की।

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के वरिष्ठ नेता शिवकुमार श्योराण, संदीप जांडली, सुभाष बिश्नोई ने प्रदर्शनकारियों को सम्बोधित करते हुए सरकार से सवाल करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता की प्राइवेट बसों की मांग नहीं तो सरकार 262 मागार्ें पर 3658 रुट परमिट देने पर क्यों अड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जो प्राइवेट बसें चल रही हैं, इन बसों में सरकार द्वारा दी जा रही किसी भी सुविधा को लागू नही किया जा रहा हैं, जिनकी शिकायते छात्र-छात्राओं, बुजगार्ें, आम जनता द्वारा समय समय करने के बाद भी कोई सुनवाई नही हो रही हैं। रोडवेज की सरकारी बसें प्राइवेट बसों से ज्यादा टैक्स सरकारी खजाने में जमा करवाती है। सरकारी बसों की बढ़ोतरी होने से बेराजगारों को स्थाई व सुरक्षित रोजगार मिलता हैं, जबकि प्राइवेट बसों को परमिट देने से बेरोजगारों को कम वेतन देकर खिलवाड़ किया जा रहा हैं। कर्मचारी नेताओं ने सरकार को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार निजीकरण पॉलिसी अगर वापिस नही लेती हैं, तो 14 जुलाई को पूरे प्रदेश के सभी डिपो व सब डिपो के हजारों कर्मचारियों द्वारा परिवहन मंत्री आवास अम्बाला शहर में घेराव करके आगामी बड़े आंदोलन की घोषणा करने को मजबूर होंगे।

### परिवहन मंत्री के साथ कल प्रस्तावित बैठक में जताएंगे विरोध

**सिरसा।** केंद्र बॉडी सांझा मोर्चा के आह्वान पर सिरसा डिपो सांझा मोर्चा के नेता पृथ्वी सिंह चाहर, रिछपाल सिंह संधू, भीम सिंह चक्कां की अध्यक्षता में सिरसा डिपो वर्कशॉप गेट पर 262 रूटों पर 3658 प्राइवेट बसों को परमिट देने व दो सेंट्रल वर्कशॉप हिसार व करनाल को बंद करने के आदेशों के विरोध में सिरसा डिपो में विरोध प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर सांझा मोर्चा के नेता आत्माराम बैनीवाल, सतपाल सिंह रानियां, लादूराम, शेर सिंह खोड, सुरेंद्र सिंह व शैलेंद्र कुमार सहित सैकड़ों कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने बताया कि कल 10 जुलाई को परिवहन मंत्री असीम गोयल के साथ मीटिंग में हरियाणा रोडवेज सांझा मोर्चा स्टेज कैरिज की बसों को 262 रूटों पर 3658 परमिट देने का सांझा मोर्चा द्वारा विरोध किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि बीती 23 जून 2023 को हरियाणा के तत्कालीन परिवहन मंत्री, प्रधान सचिव परिवहन और विभाग के उच्च अधिकारियों और हरियाणा रोडवेज सांझा मोर्चा के मध्य मीटिंग में कई मांगों को मान लिया गया था और इन मांगों को पूरा करने के लिए एक महीने का समय मांगा गया था, लेकिन सरकार द्वारा हरियाणा रोडवेज के कर्मचारियों को धोखा दिया गया और एक भी मांग को लागू नहीं किया गया। इसी के विरोध में लगातार कर्मचारियों द्वारा धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। कर्मचारी नेताओं ने बताया कि दूसरी तरफ सरकार व विभाग द्वारा 262 रूटों पर 3658 परमिट देने का निर्णय लिया है, जोकि हरियाणा रोडवेज और हरियाणा की जनता की पीठ में छुरा घोंपने जैसा है और दो सेंट्रल वर्कशॉप हिसार और करनाल को बंद करने का पत्र जारी किया गया है। अगर सरकार जनता को सुविधा देना चाहती है तो सरकार को हरियाणा रोडवेज का बेड़ा बढ़ाना चाहिए, जिससे युवाओं को भी स्थाई रोजगार मिले और जनता को अच्छी सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि निजी बसों को बढ़ावा देने से तो आम जनता की परेशानी और 'यादा बढ़ जाएगी, क्योंकि समय-समय पर ऐसे मामले सामने आते रहते हैं कि जो सुविधा सरकार द्वारा सरकारी व निजी बसों में जनता को दी जाती है। उनको निजी बस के चालक-परिचालक नहीं मानते और वरिष्ठ नागरिकों, छात्राओं व अन्य यात्रियों को रास्ते में ही उतार देते हैं। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने वाले कर्मचारियों ने कहा कि 10 जुलाई 2024 को परिवहन मंत्री के साथ मीटिंग में जनहित व विभागहित में हरियाणा रोडवेज सांझा मोर्चा द्वारा ये परमिट जारी करने पर कड़ा विरोध दर्ज करवाया जाएगा।

---

### आशा वर्कर्स मांगों को लेकर 11 को फतेहाबाद में करेंगी रोष प्रदर्शन

**फतेहाबाद।** आशा वर्कर्स द्वारा अपनी लंबित मांगों को लेकर 11 जुलाई को फतेहाबाद में जिला मुख्यालय पर रोष प्रदर्शन किया जाएगा। इस दिन आशा वर्कर्स फतेहाबाद की नई सब्जी मण्डी में एकत्रित होंगे और वहां से रोष प्रदर्शन करते हुए उपायुक्त कार्यालय जाएंगी। इसके बाद डीसी को मांग पत्र सौंपा जाएगा। यह निर्णय आशा वर्कर यूनियन की जिला कमेटी की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान शीला शक्करपुरा ने की व संचालन सुमन दैयड़ ने किया। सीटू जिला सचिव ओमप्रकाश अनेजा, जिला प्रधान शीला शक्करपुरा व सहसचिव वीना सहनाल ने कहा कि वर्ष 2023 में की गई हड़ताल के बाद अभी भी आशा वर्कर्स की कुछ मांगे बकाया बची हुई है। हड़ताल के दौरान के मानदेय का अभी तक हिसाब नहीं किया गया है। हड़ताल के समय हुए समझौते के अनुसार केंद्र सरकार ने भी आशाओं के मानदेय में कोई बढ़ोतरी नहीं की है। हड़ताल के दौरान के फिक्स मानदेय की कटौती वापस लेने और ऑनलाइन काम का दबाव न बनाए जाने या ऑनलाइन काम के लिए उचित मानदेय देने की आश्वासन दिया गया था लेकिन सरकार ने इस बारे भी कोई कार्रवाई नहीं की है। इससे आशा वर्कर्स में काफी रोष है और 11 जुलाई को सीटू द्वारा देशभर में मनाए जाने वाले मांग दिवस के दिन आशा वर्कर्स फतेहाबाद में जोरदार प्रदर्शन करेंगी। शीला शक्करपुरा ने कहा कि अगर इस प्रदर्श- के बाद भी सरकार ने उनकी मांगों को पूरा नहीं किया तो प्रदेशभर की आशा वर्कर्स स्वास्थ्य मंत्री कमल गुप्ता के हिसार स्थित निवास पर प्रदर्शन करेंगी।

---

# स्कूल में मनाया वन महोत्सव

■ विद्यार्थियों व अभिभावकों को फलदार पौधे वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** डीएवी पुलिस स्कूल में वन महोत्सव कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जागरूक करते प्राचार्य अरूण शर्मा।

पुलिस लाइन्स स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में वन महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रकृति के संरक्षण हेतु विद्यालय की एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा विद्यालय के सभी विद्यार्थियों व विद्यालय में पहुंचे अभिभावकों को भी फलदार पौधे वितरित किए गए। एनएसएस के कार्यक्रम संयोजक रामबिलास शास्त्री ने बताया कि विद्यालय की एनएसएस इकाई समय-समय पर विभिन्न प्रकार के सामाजिक मुद्दों पर आधारित जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने का सराहनीय काम कर रही है और इसी कड़ी में स्वयंसेवकों की सहायता से आज विद्यालय परिसर में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने न केवल पेड़-पौधे लगाने की शपथ ली बल्कि अपने आसपास लगे हुए पेड़ पौधों के संरक्षण की भी जिम्मेदारी ली। इप्राचार्य अरुण शर्मा विद्यार्थियों को बताया कि हम इस बरसात के मौसम में अपने आसपास पौधे लगाकर वातावरण को हरा भरा बना सकते हैं।

### ठेकेदार की हत्या की निष्पक्ष जांच को लेकर एसपी से मिले परिजन

**सिरसा।** गांव नीमला निवासी ठेकेदार राजेंद्र उर्फ राजू की हुई हत्या के मामले को लेकर परिजन मंगलवार को एसपी से मिले आर मामले की निष्पक्ष जांच करवाकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। मृतक राजेंद्र उर्फ राजू के पिता महावीर सिंह ने बताया कि धर्मवीर खारिया द्वारा 27 जून 24 को उसके बेटे की हत्या एक सोची समझी साजिश के तहत करवाई गई थी।

उन्होंने मांग की कि मुख्य आरोपी धर्मवीर करीर के मौसे के लड़के भीमसेन निवासी खारिया की गिरफ्तारी की जाए, जो वारदात के समय धर्मवीर के साथ था।

# यदुवंशी कॉलेज की छात्रा प्रियंका ने यूनिवर्सिटी की टॉप-10 में पाया स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़


छात्रा प्रियंका

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी द्वारा एमएससी फिजिक्स के चौथे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें यदुवंशी डिग्री कॉलेज का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। एमएससी फिजिक्स की छात्रा प्रियंका पुत्री मनोज ने 82.9 प्रतिशत अंक लेकर पूरे विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में आठवां स्थान हासिल किया। इसके अलावा कॉलेज स्तर पर मुस्कान पुत्री प्रवीन, अनु यादव पुत्री योगेंद्र, अंकिता पुत्री अशोक ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस प्रकार इन तीनों विद्यार्थियों ने बराबर अंक लेकर दूसरे स्थान पर कब्जा किया। इन विद्यार्थियों में न केवल अपना नाम रोशन किया, बल्कि अपने माता-पिता और यदुवंशी डिग्री कॉलेज का नाम भी रोशन किया। संस्था अध्यक्ष व पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने एमएससी फिजिक्स के अच्छे परीक्षा परिणाम आने पर विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि यदुवंशी कॉलेज इसी तरह के परीक्षा परिणामों के लिए जाना जाता है। वाइस चेयरमैन एडवोकेट करण सिंह यादव, चेयरपर्सन संगीता यादव ने भी विद्यार्थियों को बधाई दी। संस्था डायरेक्टर विजय सिंह यादव ने बताया कि एमएससी भौतिक के बाद बायो फिजिक्स में पीएचडी की जा सकती है। निदेशक राजेंद्र यादव ने बताया कि भौतिक में मास्टर ऑफ साइंस डिग्री हासिल करने के बाद सार्वजनिक और निजी क्षेत्र संस्थाओं अनुसंधान, प्रयोगशालाओं, परमाणु और अंतरिक्ष संगठनों एवं दूरसंचार क्षेत्र के कई अवसर उपलब्ध होते हैं।

---


**सिरसा।** ग्रामीणों को संबोधित करते रणजीत सिंह।

### गांवों में करवाए जा रहे विकास कार्य : मंत्री रणजीत

**सिरसा।** हरियाणा के ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र का समान विकास करना भाजपा सरकार की प्राथमिकता है। रानियां हलका में वर्तमान में करोड़ों रुपये के विकास कार्य पूरे किए जा चुके हैं और अनेक कार्य प्रगति पर है। गांवों में पक्की गलियों का निर्माण किया जा रहा है तथा पेयजल व सिंचाई सुविधा को बेहतर किया गया है। ऊर्जा मंत्री मंगलवार को जिला के गांव मटदादू, सादेवाला, ममेराकलां, नटार आदि गांवों के दौरे के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रा'य सरकार पंचायतों को सुदृढ़ करने के लिए लगातार काम कर रही है। बीते दिनों मुख्यमंत्री नायब सिंह ने पंचायतों व सरपंचों से जुड़ी काफी घोषणाएं की हैं। अब सरपंच 21 लाख रुपये तक के कार्य स्वयं करवा सकता है। उन्होंने सरपंचों से आह्वान किया कि सरकार की नीतियों का लाभ उठाकर पंचायतों को सुदृढ़ करें। सभी सामूहिक प्रयास करें, इससे पूरे समाज को लाभ मिलेगा। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि सरकार के पास विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं है, पूरे रा'य में बिना भेदभाव के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।

# इनोवेटिव असेसमेंट स्ट्रेटेजीज कोर्स शुरू

■ एमएम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में वैल्यू-एडेड कोर्स की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** एमएम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में वैल्यू एडेड कोर्स के शुभारंभ पर विद्यार्थियों को जानकारी देते डॉ. कविता रानी।

एमएम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में 'डिजिटल युग में इनोवेटिव असेसमेंट स्ट्रेटेजीज' पर वैल्यू-एडेड कोर्स का शुभारंभ हुआ। इस कोर्स की शुरुआत डॉ. कविता रानी ने की। इस कोर्स को लेकर विद्यार्थियों में पहले दिन से ही बहुत उत्साह देखा गया।

डॉ. कविता रानी ने एक रोचक कहानी के माध्यम से असेसमेंट के महत्व को समझाया, जिससे छात्रों की रुचि जागृत हुई। इसके बाद उन्होंने असेसमेंट के विभिन्न प्रकारों और उनके महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। सत्र के दौरान, छात्रों ने स्व-आकलन के रूप में स्वॉट यानि ताकत, कमजोर, अवसर और खतरे का विश्लेषण किया। अंत में, छात्रों से एक्जिट टिकट्स के माध्यम से उनकी सीख, कठिनाइयां और आगे के सीखने के इच्छित विषयों के बारे में जानकारी ली गई। इस कोर्स के पहले दिन ने छात्रों को नई दिशा में सोचने और सीखने के लिए प्रेरित किया।

कॉलेज प्राचार्या डॉ. जनक रानी ने विद्यार्थियों को इस कोर्स के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।


**फतेहाबाद।** भाजपा किसान मोर्चा की बैठक में अतिथियों का स्वागत करते जिलाध्यक्ष भीम लाम्बा।

### विस चुनाव को लेकर भाजपा किसान मोर्चा की बैठक

**फतेहाबाद।** भाजपा किसान मोर्चा की संगठनात्मक बैठक आज पार्टी जिला कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष भीम लाम्बा ने की वहीं मुख्यअतिथि के तौर पर भाजपा किसान मोर्चा के लोकसभा सहप्रभारी अजय मलिक व जिला प्रभारी मनदीप लाम्बा ने भाग लिया। बैठक में पहुंचे अतिथियों का जिलाध्यक्ष भीम लाम्बा व अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर बैठक में विस्तार से चर्चा की गई। लोकसभा सहप्रभारी अजय मलिक ने विधानसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भाजपा के कर्मठ एवं मेहनती कार्यकर्ताओं की बदौलत इस बार के विधानसभा चुनावों में हरियाणा में पार्टी लगातार तीसरी बार सरकार बनाएगी।

---


**फतेहाबाद।** बैठक में भाग लेते ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटर।

### ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटर आज फतेहाबाद में गरजेंगे

**फतेहाबाद।** पब्लिक हैल्थ ग्रामीण ट्यूबवैल ऑपरेटर आर्गेनाइजेशन सम्बंधित भारतीय मजदूर संघ के आह्वान पर ग्रामीण ट्यूब्वैल ऑपरेटरों द्वारा अपनी मांगों को लेकर 10 जुलाई को फतेहाबाद में रोष प्रदर्शन कर उपायुक्त को पंचायत मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। यह निर्णय आज यहां हुई आर्गेनाइजेशन की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता आर्गेनाइजेशन के जिला प्रधान बावा सिंह ने की। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष बलजिंदर सिंह, जिला महामंत्री बलवीर सिंह, संदीप, वकील, तेजिंदर, जगदीश, बलवान, गुरदीप, दर्शन, बलदेव, बिट्टू, अमरीक, धर्मपाल, मंगल सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि पंचायत विभाग द्वारा जिन मांगों पर सहमति बनी थी, उस बारे अभी तक कोई पत्र जारी नहीं किया गया है जिस कारण ट्यूब्वैल ऑपरेटरों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ मानसिक परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है। झूठी शिकायतों से विभागीय कार्यवाही का भी ट्यूब्वैल ऑपरेटर सामना कर रहे हैं। मानी गई मांगों को लागू करने व अन्य मांगों का समाधान करने की मांग को लेकर ग्रामीण ट्यूब्वैल ऑपरेटरों ने 10 जुलाई को प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है।

### सनातन धर्म की रक्षा के लिए सभी आएं आगे

**सिरसा।** श्री मां भगवती इच्छा पूर्ण मंदिर, शमशाबाद पट्टी सिरसा में श्री राधे बिहारी प्रेम मंडल के सान्निध्य में सुमनांजली जोशी ने श्रीदेवी भागवत कथा के चौथे दिन श्री देवी भागवत कथा के महत्व को बताया। नवरात्रि में देवी की उपासना से सांसारिक सुखों की प्राप्ति होती है। साथ ही मोक्ष की प्राप्ति होती है।

उन्होंने बताया कि श्री देवी भागवत पुराण के अनुसार ब्रह्म की तीनों शक्तियां देवी के अधीन हैं। संसार में जो शरीर प्राप्त हुआ है, जिसे हम अपना मान लेते हैं और उसी के अधीन होकर हम दुख भोगते हैं। सो परत्र दुख पावहिंए सिर धुनि धुनि पछताई, कालहि कर्महि ईश्वरहि, मिथ्या दोष लगाहिं। अतः इस भौतिक शरीर से ईश्वर की आराधना करें। संसार की उत्पत्ति का मूल कारण अहंकार है।

### सीटीएम ने की राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

# रेशनलाइजेशन के बाद बढ़ेंगे मतदान केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

■ 688 से बढ़कर 708 हो जाएगी मतदान केंद्रों की संख्या


**फतेहाबाद।** राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं सीटीएम कैप्टन परमेश सिंह।

जिला में मतदान केंद्रों पर रेशनलाइजेशन किया जाएगा। मतदान केंद्रों की संख्या 688 से बढ़कर 708 हो जाएगी। इस विषय को लेकर उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं सीटीएम कैप्टन परमेश सिंह ने राजनीतिक दलों की बैठक लेकर उनके सुझाव मांगे हैं। कैप्टन परमेश सिंह ने राजनीतिक दलों से कहा कि मतदान केंद्रों में परिवर्तन बारे कोई सुझाव या आपत्ति है तो वे 10 जुलाई तक सुबह 11 बजे तक जिला निर्वाचन कार्यालय में भिजवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि जहां मतदाता ज्यादा थे, उन मतदान केंद्रों से मतदाताओं को अन्य मतदान केंद्रों में शिफ्ट किया गया है। कुछ मतदान केंद्र नये भी बनाए गए है, जिनकी सूची राजनीतिक दलों को दी गई है। सीटीएम कैप्टन परमेश सिंह ने बताया कि जिला में अब कुल 688 मतदान केंद्र है। 20 नये मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। परिवर्तन उपरांत मतदान केंद्रों की संख्या 708 हो जाएगी। उन्होंने बताया कि टोहाना विधानसभा क्षेत्र में 227 मतदान केंद्र है जिनमें नये अब छह मतदान केंद्र जोड़े जाएंगे, जिससे संख्या 233 हो जाएगी। इसी प्रकार फतेहाबाद विस क्षेत्र में 237 मतदान केंद्र है, उसमें सात नये मतदान केंद्र जोड़कर संख्या 244 तथा रतिया विस क्षेत्र में अभी 224 मतदान केंद्र है, उनके सात नये मतदान केंद्र जोड़कर उनकी संख्या 231 किए जाने का प्रस्ताव है। उन्होंने बताया कि रेशनालाइजेशन में 8 मतदान केंद्रों के भवन को स्थानांतरित किया जा रहा है और पांच मतदान केंद्रों के मतदाताओं का समायोजन किया गया है।

## खबर संक्षेप

### डोडा पोस्त सहित बाइक सवार को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** रतिया में बाईक सवार युवक को डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। नशा तस्करी के आरोप में रतिया पुलिस ने बाईक सवार युवक को गिरफ्तार किया है। थाना शहर रतिया पुलिस की टीम एसआई महेन्द्र सिंह के नेतृत्व में नशा तस्करों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। टीम जब कमाना मोड़ से बुढलाडा रोड की तरफ जा रही थी तो सामने से एक युवक मोटरसाइकिल पर आता दिखाई दिया।

### वाहन चोरी की घटनाएं बढ़ी, चार बाइक चोरी

**फतेहाबाद।** जिले में वाहन चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। गत दिवस भी चोरों ने जिले में अलग-अलग स्थानों से चार मोटरसाइकिल चोरी कर लिए। पहले मामले में पुलिस को दी शिकायत में लाजपत नगर फतेहाबाद निवासी गुलशन नारंग ने कहा है कि गत दिवस उसने अपने मोटरसाइकिल को घर के बाहर गली में खड़ा किया था और अंदर चला गया।

### घर के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी

**सिरसा।** गांव नाथूसरी कलां में घर के बाहर से चोर मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में इंद्र सिंह ने बताया कि वह खेतीबाड़ी करता है। बीती 5 जुलाई को वह घर खाना लेने के लिए बाइक पर आया था। घर के बाहर गली में मोटरसाइकिल खड़ी कर वह अंदर चला गया। कुछ देर बाद आया तो बाइक गायब मिली। उसने अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

### बंद पड़े मकान से नकदी व आभूषण चोरी

**सिरसा।** शहर के एडीसी कॉलोनी में चोर एक बंद मकान में घुसकर 30 हजार रुपए की नकदी सहित हजारों रुपए के आभूषण चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में मकान मालिक विजय कुमार ने बताया कि बीती 8 जुलाई की दोपहर को वह खाना खाने के लिए ढाबे पर गया था। इसी दौरान मौका पाकर चोरों ने उसके घर में घुसकर अलमारी के ताले तोड़कर 30 हजार रुपए की नकदी, एक सोने की चेन व एक अंगूठी चोरी कर ली।

### लायंस क्लब ने मजदूर परिवारों में बांटे फूड पैकेट

**फतेहाबाद।** सामाजिक संस्था लायंस क्लब फतेहाबाद द्वारा सिरसा रोड पर सड़क किनारे झुग्गियों में रहने वाले प्रवासी खानाबदोश मजदूर परिवारों के बीच फूड पैकेट बांटे गए। इस फूड पैकेट में आटा, चावल, चीनी, दाल, नमक, मिर्च सहित खाद्य सामग्री थी। लायंस क्लब फतेहाबाद के प्रधान करण चराईपौत्रा, सचिव साहिल झंडई द्वारा यह फूड किट बांटी गई।

### मताना में कानूनी सेवा शिविर आज

**फतेहाबाद।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा 10 जुलाई बुधवार को प्रातः 9 बजे गांव मताना में विशाल कानूनी सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में मुख्यअतिथि जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम गायत्री भाग लेंगी वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिला बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट प्रदीप बेनीवाल, उप प्रधान एडवोकेट सुधा रानी, सचिव एडवोकेट कमलेश वशिष्ठ मौजूद रहेंगी।

### भाविप द्वारा रक्तदान शिविर 10 जुलाई को

**रतिया।** भारत विकास परिषद् रतिया द्वारा स्थापना दिवस के अवसर पर 10 जुलाई को भाविप द्वारा संचालित फिजियोथेरेपी सेंटर एवं दिव्यांग सहायता केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। भाविप रतिया के सचिव गौरव चोपड़ा और प्रेस सचिव सचिन तनेजा ने संयुक्त रूप से यह जानकारी देते हुए बताया कि केशव गौशाला रतिया के प्रधान संजय मक्कड़ मुख्यातिथि होंगे और सिविल अस्पताल रतिया के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अमित सैनी विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे।

## मौत के बाद अस्पताल छोड़कर डॉक्टर व स्टाफ फरार

# अस्पताल में महिला की मौत परिजनों ने सड़क की जाम

निजी अस्पताल में देर रात संदिग्ध हालत में उपचारधीन महिला की मौत के बाद भड़के परिजन, डॉक्टर की गिरफ्तारी की मांग



रतिया। बंद पड़ा अस्पताल, रोड जाम कर रहे परिजनों को समझाते पुलिस अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रतिया

शहर के टोहाना रोड स्थित एक निजी अस्पताल में देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में एक उपचाराधीन महिला की मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने हंगामा कर दिया। अस्पताल के चिकित्सक व अन्य स्टाफ मौके से गायब हो गया। सुबह पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा की दृष्टि से हॉस्पिटल पर ताला लगा दिया लेकिन दोपहर बाद मृतक महिला के परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टरों की गिरफ्तारी करने की मांग को लेकर महिला के शव को रतिया फतेहाबाद रोड बड़ी नहर के पुल के बीचों-बीच रखकर जाम लगा दिया जिससे वाहनों की बड़ी लंबी कतार लग गई। मौके पर पहुंचे उप पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने भी परिजनों को समझने का प्रयास किया जिसके बाद परिजनों ने जाम खोल दिया। अस्पताल में मौजूद पुराना बाजार, रतिया निवासी रजनी व हैप्पी ने कहा कि उसकी माता 55 वर्षीय शीला रानी को सोमवार शाम बुखार था। प्लेटलेट्स डाउन होने के चलते उन्हें दवाई दिलवाने के लिए रतिया के सहारा अस्पताल में लेकर गए थे। वहां डाक्टर ने मरीज को एडमिट करने की बात कही। रजनी ने बताया कि देर रात करीब डेढ़ बजे शीला देवी की तबीयत बिगड़ने लगी तो उन्होंने डॉक्टर को फोन कर सूचना दी और अस्पताल आने की बात कही। इसके बाद डाक्टर के कहने पर अस्पताल के स्टाफ ने शीला देवी को एक इंजैक्शन लगा दिया। इंजैक्शन लगाते ही महिला की तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। तब डॉक्टर को बुलाया गया लेकिन डॉक्टर यह कहकर चला गया कि वह कोई उपकरण लेकर आता है। परिजनों का आरोप कि इंजेक्शन लगाने के कुछ देर बाद ही शीला रानी की मौत हो गई। उसके बाद स्टाफ और डॉक्टर अस्पताल छोड़कर चले गए, जिस पर परिजनों द्वारा काफी रोष व्यक्त किया गया। सूचना मिलने पर शहर पुलिस थाना अध्यक्ष जय सिंह मौके पर पहुंचे। शहरी थाना अध्यक्ष सिंह ने बताया कि महिला की मृत्यु की सूचना पर हम सहारा अस्पताल पहुंचे थे। अस्पताल में स्टाफ नहीं मिला इसलिए एक बार अस्पताल को सुरक्षा के लिए लिहाज से ताला लगा दिया है, ताकि कोई अस्पताल को नुकसान न पहुंचा दे। आगामी जांच ओर कारवाई जारी है। वहीं अस्पताल संचालकों से इस संदर्भ में बात करनी चाहिए तो लिखे गए नंबर का फोन स्विच ऑफ आया। पुलिस ने पीड़ित परिवार की शिकायत के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भेज दिया। दोपहर बाद महिला के परिजन अस्पताल के डॉक्टरों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर रतिया-फतेहाबाद रोड पर पहुंच गए और नहर के किनारे महिला की शव को रखकर जाम लगा दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ भी नारेबाजी की।

# दरिंदगी की शिकार बच्ची ने तोड़ा दम

- 9 दिन से रोहतक के पीजीआई में चल रहा था इलाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

जिले के टोहाना ग्रामीण इलाके में दरिंदगी का शिकार हुई मासूम साढ़े 3 साल की बच्ची ने आखिरकार 9 दिनों बाद रोहतक पीजीआई में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। बच्ची को उसके पिता के ही जानकार दो लोगों द्वारा आधी रात को घर से उठाकर उसके साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया था। अलसुबह बच्ची खून से लथपथ हालत में सड़क किनारे मिली थी। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को दबोच लिया था और उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। यह शर्मनाक घटना 29 जून की रात की है। तब से बच्ची पीजीआई रोहतक में भर्ती थी। मासूम बच्ची के माता-पिता ने बताया था कि वे मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बहराइच क्षेत्र के रहने वाले हैं।

### लहूलुहान हालत में मिली थी बच्ची

वे डेढ़ 2 माह पहले टोहाना के पास स्थित एक गांव में खेत मजदूरी करने के लिए आए थे। यहां एक जमींदार के खेत में वह रह रहे हैं। 29 जून शनिवार रात को उनकी जान पहचान के 3 युवक उनके घर आए थे। वह भी आसपास के गांवों के खेतों में मजदूरी करते हैं। रात को वे वापस चले गए और परिवार सो गया। पिता ने बताया कि आधी रात को 3 बजे वह उठा तो देखा कि बच्ची अपने बिस्तर पर नहीं थी। इसके बाद उसने अपनी पत्नी को उठाया और खेत मालिक को भी सूचित किया। सभी ने बच्ची की तलाश शुरू कर दी। बच्ची कुछ ही दूरी पर जाखल रोड पर लहूलुहान हालत में मिली। बच्ची ने बताया कि युवकों ने उसके साथ हैवानियत की है। इसके बाद परिजन अल सुबह करीब 4-5 बजे बच्ची को एम्बुलेंस से टोहाना नागरिक अस्पताल ले आए। वहां पुलिस को भी सूचित किया गया। बच्ची की हालत गंभीर थी और उसे प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने पीजीआई रेफर कर दिया गया। खेत मालकिन ने बताया कि आरोपी इन्हीं की तरह खेतों में काम करते हैं। एक बार तो आरोपी चले गए थे। जब परिवार के लोग सो गए तो पीछे से ही वह बच्ची को उठाकर ले गए। इस मामले में टोहाना सदर थाना के एसएचओ देवीलाल ने बताया कि पीड़ित पक्ष खेतों में धान लगाने के लिए काम करते हैं।

### सेंध लगाकर हजारों की नकदी व लाखों के आभूषण चुराए

**सिरसा।** शहर के रानियां चुंगी स्थित एक बंद मकान में घुसकर चोर 60 हजार रुपए की नकदी व लाखों रुपए के आभूषण चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि उसके मकान में गीता अपने बच्चों के साथ किराए पर रहती है। वह अपने परिवार के साथ बीती 21 अप्रेल को सिरसा के निजी पैलेस में शादी में शामिल होने के लिए गया हुआ था। मेरी माता की देखभाल के लिए उसने अपनी किराएदार गीता व उसकी बेटी को उनके पास रूकने के लिए कहा और रात्रि करीब 3 बजे शादी से वापिस आ गए। उन्होंने जाने से पहले लॉकर खोला तो उसमें 60 हजार रुपए की नकदी व करीब 21-22 तोले सोने के आभूषण थे। डॉ. राकेश कुमार के अनुसार बीती 4 अप्रेल से 21 अप्रेल के बीच ही उनके घर में लॉकर से 60 हजार की नकदी व आभूषण चोरी किए गए हैं। बीती 21 अप्रेल से लेकर 7 मई 2024 तक घर पर किराएदार गीता व काम वाली सुमित्रा के अलावा कोई अंजान व्यक्ति नहीं आया। अपने तौर पर वे काफी दिनों तक तलाश करते रहे, लेकिन हमारा सामान व राशि नहीं मिली।

### नशा तस्करों पर कसा शिकंजा, ट्रक से चूरापोस्त बरामद, दो गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए फतेहाबाद पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक से चूरापोस्त बरामद कर दो युवकों को गिरफ्तार किया है। सीआईए स्टाफ फतेहाबाद पुलिस की टीम एएसआई प्रवीन कुमार के नेतृत्व में नशीले पदाथार्े की तस्करी रोकने को लेकर गश्त के दौरान गांव बड़ोपल में मौजूद थी। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि विकास कुमार निवासी धांगड़ जोकि ट्रक चालक का काम करता है, अपने ट्रक में कचरा डोडा पोस्त लाकर गांव धांगड़ में बेचता है। आज भी वह डोडा पोस्त लेकर आ रहा है। इस सूचना पर पुलिस टीम ने जीटी रोड पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने हिसार की तरफ से आ रहे एक ट्रक को शक के आधार पर रूकने का इशारा किया तो ट्रक चालक घबरा गया और ट्रक को वापस मोड़ने लगा। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए ट्रक में सवार दोनों युवकों को काबू कर लिया। पूछताछ में इन्होंने अपना नाम विकास व राकेश निवासी धांगड़ बताया। पुलिस ने जब ट्रक की तलाशी ली तो केबिन में रखे कट्टे में से 11 किलो 250 ग्राम चूरापोस्त बरामद हुआ।

# आशा वर्कर्स मांगों को लेकर 11 को फतेहाबाद में करेंगी प्रदर्शन

- आशा वर्कर्स फतेहाबाद की नई सब्जी मण्डी में एकत्रित होंगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

आशा वर्कर्स द्वारा अपनी लंबित मांगों को लेकर 11 जुलाई को फतेहाबाद में जिला मुख्यालय पर रोष प्रदर्शन किया जाएगा। इस दिन आशा वर्कर्स फतेहाबाद की नई सब्जी मण्डी में एकत्रित होंगे और वहां से रोष प्रदर्शन करते हुए उपायुक्त कार्यालय जाएंगी। इसके बाद डीसी को मांग पत्र सौंपा जाएगा। यह निर्णय आशा वर्कर यूनियन की जिला कमेटी की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान शीला शक्करपुरा ने की व संचालन सुमन दैयड़ ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए सीटू जिला सचिव ओमप्रकाश अनेजा, जिला प्रधान शीला शक्करपुरा व सहसचिव वीना सहनाल ने कहा कि वर्ष 2023 में की गई हड़ताल के बाद अभी भी आशा वर्कर्स की कुछ मांगे बकाया बची हुई है।

### लंबे समय से मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं आशा वर्कर्स

हड़ताल के दौरान के मानदेय का अभी तक हिसाब नहीं किया गया है। हड़ताल के समय हुए समझौते के अनुसार केंद्र सरकार ने भी आशाओं के मानदेय में कोई बढ़ोतरी नहीं की है। हड़ताल के दौरान के फिक्स मानदेय की कटौती वापस लेने और ऑनलाइन काम का दबाव न बनाए जाने या ऑनलाइन काम के लिए उचित मानदेय देने की आश्वासन दिया गया था लेकिन सरकार ने इस बारे भी कोई कार्रवाई नहीं की है। इससे आशा वर्कर्स में काफी रोष है और 11 जुलाई को सीटू द्वारा देशभर में मनाए जाने वाले मांग दिवस के दिन आशा वर्कर्स फतेहाबाद में जोरदार प्रदर्शन करेंगी। शीला शक्करपुरा ने कहा कि अगर इस प्रदर्शन के बाद भी सरकार ने उनकी मांगों को पूरा नहीं किया तो प्रदेशभर की आशा वर्कर्स स्वास्थ्य मंत्री कमल गुप्ता के हिसार स्थित निवास पर प्रदर्शन करेंगी।

# 39 शिकायतों में से 29 का मौके पर समाधान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



फतेहाबाद। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते डीसी राहुल नरवाल।

- समाधान शिविर में पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी के साथ अन्य अफसरों ने सुनी लोगों की समस्याएं

उपायुक्त राहुल नरवाल ने लघु सचिवालय के सभागार में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी सहित अन्य अधिकारियों के साथ समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनी। उन्होंने लोगों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश देते हुए कहा कि लाभार्थी को योजना का लाभ अवश्य दिलवाया जाए। मंगलवार को समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 39 शिकायतें प्राप्त हुई, जिन्हें संबंधित अधिकारियों को निपटारे के लिए सौंप दिया गया। उन्होंने कहा कि अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर लोगों की शिकायतों का यथाशीघ्र निपटारा करें ताकि उन्हें कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा हर कार्य दिवस में सुबह 9 से 11 बजे तक जिला व उपमंडल मुख्यालय पर लोगों की शिकायतें सुनी जा रही हैं। समाधान शिविरों में संबंधित विभागों के अधिकारी मौके पर मौजूद रहकर लोगों की शिकायतों का निपटारा कर रहे हैं। समाधान शिविर में प्राप्त 39 शिकायतों में से 29 का मौके पर समाधान किया गया। क्रिड विभाग की 27 शिकायतों में से 19 जबकि फूड सप्लाई विभाग की 4 तथा समाज कल्याण विभाग, यूएलबी व स्वास्थ्य विभाग की 2-2 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। इसी प्रकार से समाधान शिविर में दो शिकायतें विभाग से संबंधित रही।

### सर्वोत्तम माता पुरस्कार में सीमा ने पाया प्रथम स्थान, दी बधाई

**टोहाना।** महिला एवं बाल विकास विभाग, टोहाना द्वारा ब्लॉक स्तरीय सवार्ेत्तम माता पुरस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सवार्ेत्तम माताओं को इनाम राशि के साथ सम्मानित किया गया। सुपरवाइजर कर्मजीत कौर ने बताया कि जो माता अपना व अपने बच्चे के स्वास्थ्य, बेटियों की देखभाल सहित अन्य नियमों का पालन करती है, उन्हें सवार्ेत्तम माता घोषित किया जाता है। सर्कल स्तर पर सवार्ेत्तम आने वाली माताओं का साक्षात्कार लिया गया। इस साक्षात्कार में माता व बच्चों के स्वास्थ्य संबंधित प्रश्न पूछे गए तथा जिन माताओं ने अपने व अपने बच्चों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा हुआ है, उन्हें विजेता घोषित किया गया। ब्लॉक स्तर पर आयोजित सवार्ेतम माता पुरस्कार प्रतियोगिता में टोहाना से सीमा पत्नी रवि कुमार ने प्रथम, सोनिया पत्नी रामपाल गांव धारसूल ने दूसरा व सुमन

# शिविर में किसानों को धान की सीधी बिजाई के बारे में बताया

- कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा गांव इंदाछोई में जागरूकता शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ टोहाना



टोहाना। इंदाछोई में जागरूकता शिविर में किसानों को धान की सीधी बिजाई बारे जागरूक करते कृषि विभाग के अधिकारी।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा धान की सीधी बिजाई के बारे में किसानों को जागरूक करने के लिए जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे। गांव इंदाछोई में कृषि विषय विशेषज्ञ रामेश्वर दास की अध्यक्षता में जागरूकता शिविर लगाया गया। कृषि विषय विशेषज्ञ रामेश्वर दास ने किसानों को जागरूक करते हुए बताया कि भूजल के गिरते स्तर को ध्यान में रखते हुए धान की सीधी बिजाई करनी चाहिए। धान की सीधी बिजाई करने से पानी व ऊर्जा की बचत होती है। उन्होंने बताया कि धान की सीधी बिजाई से किसान को सिंचाई अधिक नहीं करनी पड़ती व जमीन भी अधिक पानी से खराब नहीं होती। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा धान की सीधी बिजाई करने वाले किसान को 4 हजार रुपए प्रति एकड़ की दर से अनुदान राशि दी जाती है। इसके पंजीकरण के लिए पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं जिसकी अंतिम तिथि 10 जुलाई है। विभाग द्वारा धान की सीधी बिजाई का 20 प्रतिशत लक्ष्य रखा गया है। इस मौके पर ब्लॉक समिति अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, एटीएम कंचन व रितु, कृषि पर्यवेक्षक दीपक अनुरत सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से शिक्षक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जाखल


जाखल। मृतक पवन कुमार की फाइल फोटो।

- खेतों में काम निपटाकर रोजाना की तरह घर लौट रहा था निजी स्कूल का संचालक

जाखल के साथ सटे पंजाब के गांव चूलड के समीप सड़क दुर्घटना में जाखल निवासी निजी स्कूल के संचालक की मौत हो गई है। मृतक स्कूल संचालक की पंजाब क्षेत्र में कृषि भूमि भी है। खेतों में काम निपटा कर रोजाना की तरह वो सोमवार रात को अपनी बाइक से घर लौट रहा था।

रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया। इसकी सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पंजाब के संगरूर जिला के अंतर्गत चोटिया चौकी पुलिस व राहगीरों ने उसे गंभीर अवस्था में एंबुलेंस के माध्यम से टोहाना के नागरिक अस्पताल में पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर उसके परिजन भी मौके पर ही अस्पताल में पहुंच गए। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा, परिजनों को सौंप दिया है।

जाखल की नई बस्ती निवासी पवन कुमार उर्फ लटूरी मास्टर के चचेरे भाई जितेंद्र ने बताया कि उनके भाई पवन कुमार लगभग 30 वषार्ें से जाखल के साथ सटे पंजाब के संगरूर जिला के गांव कालिया में गुरु तेग बहादुर स्कूल का संचालन कर रहे थे।

इसके साथ ही कालिया गांव में ही जमीन ठेके पर लेकर खेती-बाड़ी का कार्य भी करते थे। बताया गया है कि अपना खेती बाड़ी का कार्य निपटाकर रोजाना की तरह वो सोमवार रात करीब 8 बजे अपनी बाइक पर सवार होकर घर आ रहे थे।

जाखल पहुंचने से करीब डेढ़ किमी पहले ही बुढलाडा-जाखल मार्ग पर रेलवे ओवरब्रिज पर गांव चूलड़ के पास बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में उनकी मृत्यु हो गई। पवन कुमार उर्फ लटूरी मास्टर की अचानक से सड़क हादसे में हुई मृत्यु के बाद उसके घर में मातम पसरा है।

## स्टेट में 5 स्वर्ण सहित 12 पदक और नेशनल में हासिल किए 3 कांस्य

# ताइक्वांडो में छाईं सतनाम जी गर्ल्स की खिलाड़ीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा


सिरसा। मेडल के साथ विजेता खिलाड़ी।

सिरसा में आयोजित इंडियन ताइक्वांडो स्टेट लेवल चैंपियनशिप में शाह सतनाम जी गर्ल्स स्कूल की खिलाडियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए 5 स्वर्ण, 4 रजत व 3 कांस्य पदक हासिल किए है। विजेता खिलाडियों का संस्थान में पहुंचने पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डा. शीला पूनिया सहित समस्त स्टाफ सदस्यों ने भव्य स्वागत किया। शाह सतनाम जी गर्ल्स स्कूल की प्रधानाचार्या डा. शीला पूनिया ने बताया कि इंडियन ताइक्वांडो स्टेट लेवल चैंपियनशिप में सब जूनियर, कैडेट, जूनियर व सीनियर आयु वर्ग में क्योरूगी और पूमसे इवेंट कराए गए। इस प्रतियोगिता में शाह सतनाम जी गर्ल्स स्कूल की 13 छात्राओं ने भाग लिया। जिनमें 12वीं कक्षा की मनप्रीत कौर, 11वीं कक्षा की निधि व दसवीं कक्षा की तिरांगी ने स्वर्ण पदक हासिल किया है। इसके अलावा दसवीं कक्षा की अमानत ने दो स्वर्ण पदक हासिल किए है। सिमरन, यशरीत, दिव्या वर्मा, सांची ने सिल्वर पदक हासिल किया। वहीं खुशी, पाखी व सेजल ने ब्रॉन्ज पदक प्राप्त किया।

### नेशनल में जीते 3 ब्रॉन्ज

ताइक्वांडो प्रशिक्षक मोनिका सोलंकी ने बताया कि उड़ीसा के कटक में आयोजित हुई जूनियर नेशनल ताईक्वांडो चैंपियनशिप में भी शाह सतनाम जी गर्ल्स स्कूल की तीन खिलाड़ियों ने ब्रॉन्ज पदक हासिल किया है। इनमें 10 वीं कक्षा की अमानत और तिरांगी व 11वीं कक्षा की निधी शामिल है। जबकि मनप्रीत प्रतियोगिता में प्रतिभागी रही है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 7988727916, 9253681005